



**MAHARAJA AGRASEN IS AN INSPIRATION FOR ALL OF US: LOK SABHA SPEAKER/महाराजा अग्रसेन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं: लोक सभा अध्यक्ष**

**…**

**AGGRAWAL COMMUNITY, INSPIRED BY THE VISION OF MAHARAJA AGRASEN, HAS DEDICATED ITSELF TO SERVICE OF THE HUMANITY: LOK SABHA SPEAKER/अग्रवाल समाज ने महाराजा अग्रसेन के दर्शन से प्रेरित होकर खुद को मानवता की सेवा के लिए समर्पित किया है: लोक सभा अध्यक्ष**

**…**

**AGGRAWAL COMMUNITY HAS MADE IMMENSE CONTRIBUTIONS TO INDIA'S FREEDOM STRUGGLE AND POST-INDEPENDENCE NATION BUILDING: LOK SABHA SPEAKER/अग्रवाल समाज ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्रता के बाद राष्ट्र निर्माण में बहुत बड़ा योगदान दिया है: लोक सभा अध्यक्ष**

**…**

**LOK SABHA SPEAKER ADDRESSES INVITEES AT PROGRAMME ORGANISED BY AGGRAWAL SEWA SAMITI, AGRA/लोक सभा अध्यक्ष ने अग्रवाल सेवा समिति, आगरा द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया**

**…**

**Agra/New Delhi; 23 March, 2025:** Paying tributes to Maharaja Agrasen at an event organized by the Aggrawal Sewa Samiti in Agra, Lok Sabha Speaker Shri Om Birla said that the legendary Maharaja Agrasen's vision continues to shape

the values and actions of the humanity. He also underlined that the life of Maharaja Agrasen Ji, who showed the path of cooperation by starting the tradition of "one brick and one coin", was synonymous with cooperation and service. He was a great symbol of humanity, whose governance system and social outlook inspire us even today. He highlighted how Maharaja Agrasen's values of selfless service, unity, and commitment to social welfare have profoundly impacted society at large. Maharaja Agrasen was not only a historical figure but an enduring symbol of compassion, resilience, and the power of unity, he observed. His legacy inspires us to contribute to the well-being of society, always keeping humanity at the center of our efforts, noted Shri Birla.

https://x.com/ombirlakota/status/1903820177453760733

The Speaker further highlighted the significant role of the Aggrawal community in shaping India's history. He pointed out that the community's unwavering commitment to social welfare and public service had left an indelible mark on the freedom struggle and in the process of nation-building following Independence. Their contributions to various sectors, including trade, education, and social development, have helped India move forward with strength and resilience, he added. The Speaker also referred to the contributions of Aggrawal community during the Covid-19 situation and how the community, guided by the spirit of Vasudhaiva Kutumbakam, has contributed to food security and upliftment of the poor and the marginalised sections of the society.

Shri Birla observed that the event organized by Aggrawal Sewa Samiti was a momentous occasion for the community to reflect on their rich heritage and the continued impact of their collective efforts on society and nation. It served as a reminder of how the teachings of Maharaja Agrasen remain as relevant today as they were centuries ago, he noted.

Shri S. P. Singh Baghel, Minister of State in the Ministry of Fisheries, Animal Husbandry and dairying and  Panchayti Raj and other dignitaries were present on this occasion.

**आगरा/नई दिल्ली; 23 मार्च, 2025:** आज आगरा में अग्रवाल सेवा समिति द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन को नमन करते हुए, लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि उनका दृष्टिकोण आज भी हम सबको मानवता के मूल्यों और कार्यों की प्रेरणा दे रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि "एक ईंट और एक सिक्का" की परंपरा शुरू करके सहयोग का मार्ग दिखाने वाले महाराजा अग्रसेन जी का जीवन मानव सेवा का पर्याय था। वे मानवता के महान प्रतीक थे, जिनकी शासन प्रणाली और सामाजिक दृष्टिकोण आज भी हमें प्रेरित करते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महाराजा अग्रसेन के निस्वार्थ सेवा,

एकता और सामाजिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता के मूल्यों ने समाज पर गहरा प्रभाव डाल है। यह विचार व्यक्त करते हुए कि महाराजा अग्रसेन युगपुरुष तथा करुणा, दृढ़ता और एकता की शक्ति के शाश्वत प्रतीक थे, श्री बिरला ने कहा कि उनकी विरासत हमें हमेशा मानवता को अपने प्रयासों के केंद्र में रखते हुए समाज की भलाई करने के लिए प्रेरित करती है।

https://x.com/ombirlakota/status/1903820177453760733

अध्यक्ष महोदय ने भारत के इतिहास को गढ़ने में अग्रवाल समाज की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जन कल्याण और लोक सेवा के प्रति इस समाज की अटूट प्रतिबद्धता ने स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्रता के बाद राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया पर अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापार, शिक्षा और सामाजिक विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान ने भारत को मजबूती और दृढ़ता के साथ आगे बढ़ने में मदद की है। अध्यक्ष महोदय ने कोविड-19 के दौरान अग्रवाल समाज के योगदान का उल्लेख भी किया और बताया कि इस समाज के लोग वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से प्रेरित होकर खाद्य सुरक्षा और समाज के गरीबों और उपेक्षित वर्गों के उत्थान में योगदान करते आए हैं।

श्री बिरला ने कहा कि अग्रवाल सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम इस समाज की समृद्ध विरासत और इनके सामूहिक प्रयासों के प्रभाव को प्रतिबिंबित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि यह इस बात की याद दिलाता है कि महाराजा अग्रसेन की शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी सदियों पहले थीं।

इस अवसर पर मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी तथा पंचायती राज मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री एस.पी. सिंह बघेल और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।